एक नजर में

## अभा वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ की बैठक संपन्न




**इंदौर.** अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ मुंबई के पदाधिकारी की राष्ट्रीय दो दिवसीय बैठक रविवार को इंदौर में संपन्न हुई. बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्य कार्यकारिणी, महिला एवं युवा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी के अध्यक्ष महासचिव एवं अन्य पदाधिकारियों की इस आयोजन में सहभागिता रही. सभी ने सितंबर में भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में राष्ट्रीय अधिवेशन को विशाल स्वरूप प्रदान करने और 21000 समाज जनों की देशभर से सहभागिता का संकल्प लिया. अखिल भारतीय वैष्णव सेवा संघ मुंबई अयोध्या में होने वाले अधिवेशन संयोजक एवं पूर्व राज्य मंत्री दर्जा मध्य प्रदेश सरकार पं. योगेंद्र महंत ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन धार्मिक नगरी में किया जाता है. सितंबर के राष्ट्रीय अधिवेशन अयोध्या में इसलिए आयोजित किया जा रहा है कि भगवान राम के मंदिर निर्माण से पूर्व तकरीबन 500 वर्षों तक सैकड़ो की संख्या में समाज के संत महंत और समाज जनों ने अपने प्राणों की आहुति मंदिर निर्माण के लिए दी थी. इंदौर में शनिवार और रविवार को दो दिवसीय बैठक निजी होटल में सम्पन्न हुई. गुजरात राजस्थान महाराष्ट्र मध्य प्रदेश हरियाणा उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से सैकड़ो की संख्या में समाज जनों की उपस्थिति रही. प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा कोटा, उपाध्यक्ष डीवीसी किरण अजमेर, अनिल देव मुरारी अहमदाबाद, मध्य प्रदेश अध्यक्ष पीएल बैरागी भोपाल, एच एस वैष्णव सेंधव पूर्व महासचिव, महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रेया वैष्णव, महिला प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश अध्यक्ष निशा शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नीरज वैष्णव शाजापुर आदि ने प्रमुख रूप से दो दिनों में विस्तृत चर्चा की. समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव और प्रस्ताव रखें.

## आईटी प्रोफेशनल का प्रकट उत्सव संपन्न



**इंदौर.** रविवार को आईटी प्रोफेशनल का प्रकट उत्सव स्कीम नंबर 78 में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में आईटी श्रेणी के 100 से अधिक स्वयंसेवकों ने शारीरिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति दी. इन्दौर महानगर में विगत वर्षों से आयटी श्रेणी के स्वयंसेवक साप्ताहिक मिलन करते हैं तथा आज के प्रकट कार्यक्रम की तैयारी विगत तीन माह से चल रही थी. अपने उद्बोधन में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक मुकुल कानिटकर ने कहा कि वर्तमान की सबसे अहम समस्या मन का नियंत्रण है जो अत्यंत कठिन है. अभ्यास व वैराग्य के द्वारा ही मन का नियंत्रण संभव है. अभ्यास जब जीवन का अंग बन जाए तो वह चरित्र निर्माण करता है क्योंकि आनंद के साथ, नियंत्रण के साथ, निरंतर साधनापूर्क किया अभ्यास सरलता से चरित्र निर्माण करता है. यही शाखा की सहज पद्धति है जिसमें नियमित सम्मिलित होकर स्वयंसेवक के मन, शरीर व बुद्धि का विकास होता है. सकारात्मक सोच से ही राष्ट्र निर्माण संभव होगा. किसी भी विषय या घटना को लेकर समाज में विभाजन नहीं होना चाहिए. सभी समस्याओं का हल संवाद व सद्बुद्धि से सरलता से हो सकता है. हमें आपसी सौहाद्र को बढाकर समरस समाज का निर्माण करना है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इनोये टेक्नोलॉजी के संस्थापक संदीप नीमा थे. इस अवसर पर इन्दौर विभाग के माननीय संघचालक डॉक्टर मुकेश मोढ तथा स्वप्निल परख्या उपस्थित थे.

## आईएसए क्रिकेट लीग के चौथे संस्करण का समापन



**इंदौर.** इंदौर सॉफ्टवेयर एसोसिएशन (आईएसए) द्वारा आयोजित क्रिकेट लीग के चौथे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ. पूरे आयोजन के दौरान आईटी समुदाय की एकजुटता और ऊर्जा देखने लायक रही. पांचवें एवं अंतिम दिन रोमांच अपने चरम पर था, जहाँ 4 क्वार्टर फाइनल मैच, 2 सेमीफाइनल मैच और उसके बाद फाइनल मुकाबला खेला गया. फाइनल मैच में टीसीएस और बेस्टी पीयर के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए टीसीएस विजेता रही तथा बेस्ट पीयर उपविजेता बनी. सभी टीमों ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया और खिलाड़ियों का उत्साह पूरे टूर्नामेंट के दौरान चरम पर रहा. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर पुष्यमित्र भार्गव उपस्थित रहे. प्रायोजकों की ओर से बबलू जैन, आदित्य व्यास एवं अमित तिलवानी की गरिमामयी उपस्थिति रही. इंदौर सॉफ्टवेयर एसोसिएशन की ओर से सचिन साबू एवं स्वप्निल बंसल ने सभी टीमों, प्रायोजकों, अतिथियों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया और कहा कि ढ्ढस्न क्रिकेट लीग न केवल खेल का मंच है, बल्कि आईटी समुदाय के बीच सहयोग, नेटवर्किंग और सौहार्द बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम भी है.

## रंग, संगीत का कार्यक्रम होलीस्थान 4 मार्च को

**इंदौर.** रंगों का त्योहार होली इस साल इंदौर में और भी खास और भव्य होने जा रहा है. शहर का सबसे बड़ा और चर्चित होली इवेंट होलीस्थान 4.0 इस बार लाभ गंगा गार्डन, इंदौर में 4 मार्च को भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा. इस इवेंट में युवाओं, परिवारों और बच्चों के लिए रंग, संगीत, मस्ती और स्वादिष्ट खाने का शानदार संगम देखने को मिलेगा. होलीस्थान 4.0 को इंदौर का सबसे बड़ा और प्रसिद्ध होली सेलिब्रेशन माना जा रहा है, जहां हर साल हजारों लोग शामिल होते हैं. इस बार इवेंट का मुख्य आकर्षण रहेगा दो इंटरनेशनल डीजे का लाइव परफॉर्मेंस. इवेंट के आयोजक सुकरत राय ने बताया होलीस्थान 4.0 सिर्फ एक होली पार्टी नहीं, बल्कि इंदौर के लिए एक इंटरनेशनल लेवल का फेस्टिवल है. हमारा उद्देश्य है कि लोग सुरक्षित, फैमिली फ्रेंडली और प्रीमियम तरीके से होली का आनंद लें. दो इंटरनेशनल डीजे के साथ हम इंदौर को एक ग्लोबल होली डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना चाहते हैं. आयोजकों के अनुसार, होलीस्थान 4.0 में सभी उम्र के लोगों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं.

## धर्मगुरुओं के सम्मान से गूंजा सौहार्द का संदेश



**इंदौर.** पवित्र रमजान माह में शहर ने एक बार फिर गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल पेश की. प्रिंस यशवंत रोड स्थित सर्वधर्म संघ कार्यालय में मस्जिदों के इमाम, हाफिज साहेबान और समाजसेवा में समर्पित नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. चंदन की मोतियों की माला, साफा एवं धार्मिक प्रतीक चिन्ह भेंट कर धर्मगुरुओं का इस्तकबाल किया गया. कार्यक्रम में हिंदू और मुस्लिम समाज के प्रमुख धर्माचार्यों की उपस्थिति ने सौहार्द के इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की. मुख्य अतिथि शहर काजी डॉ. इशरत अली ने कहा कि रमजान का महीना पूरी इंसानियत के लिए रहमत और बरकत का पैगाम लेकर आता है. यह महीना संयम, करुणा और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है. राष्ट्रीय संत अरुणानंद महाराज, नरसिंह टेकरी के स्वामी वर्धानंद महाराज सहित अन्य धर्म प्रमुखों ने भी उपस्थित रहकर सद्भाव का संदेश दिया. सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बेग ने कहा कि मस्जिदों में प्रतिदिन पांच वक्त नमाज अदा कराने वाले पेश इमाम, तरावीह में बिना देखे पूरा कुरआन सुनाने वाले हाफिज और अजान देने वाले मोअज्जिन समाज को आध्यात्मिक दिशा देते हैं. ऐसे धर्मगुरुओं का सम्मान करना समाज के आत्मसम्मान को बढ़ाना है. इस अवसर पर हाफिज मो. नदीम रजवी, हाफिज फजल अहमद रजवी, हाफिज जमीर मोहम्मद, अंजार आलम, अब्दुल रहमान, मौलाना मोइनुद्दीन हसन, सहित अनेक धर्मगुरुओं को तोहफे एवं नगद नजराना भेंट कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में रियाज खान, अकबर काजी, धर्मेंद्र पैमाल, एजाज कुरैशी, इरशाद शाहगोलू शेख, सरफराज खान, फेजान बेग, समीर बेग, हकीम बाबा, मुकेश बजाज, जुनैद खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# एमवाय में परिजन खुद खींचते दिखे स्ट्रेचर

- अस्पताल का बिगड़ रहा ढर्रा अव्यवस्थाओं का अंबार
- जिम्मेदार नदारद

नवभारत

**इंदौर.** शहर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल महाराजा यशवंतराव अस्पताल में व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं. हाल ही में वायरल हुए वीडियो में तीन अलग परिजन अपने मरीजों को खुद ही स्ट्रेचर पर खींचते हुए नजर आए. अस्पताल परिसर में उस दौरान कोई अटेंडर मौजूद नहीं दिखा. कुछ दिन पहले भी ऐसा ही एक वीडियो सामने आया था, जिसमें परिजन स्ट्रेचर खींचते दिखे थे. अब लगातार सामने आ रहे मामलों ने अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

एमवाय अस्पताल में शासन द्वारा आधुनिक मशीनें और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. बावजूद इसके, कर्मचारियों की लापरवाही के चलते व्यवस्थाएं चरमराती नजर आ रही हैं. वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि तीन अलग-अलग परिजन अपने मरीजों को स्वयं ही स्ट्रेचर पर लेकर जा रहे हैं.



### एंबुलेंस चालक मरीज छोड़कर चला गया

मामले में अस्पताल अधीक्षक अशोक यादव ने बताया कि दोपहर 12.30 से 1 बजे के बीच परिजन मरीज को ओपीडी में दिखाने आए थे और स्वयं ही स्ट्रेचर लेकर आ रहे थे. कैजुअल्टी की ओर आते समय स्टाफ ने उन्हें अटेंड कर लिया था. अधीक्षक के अनुसार जांच में सामने आया कि एंबुलेंस निजी थी और चालक मरीज को छोड़कर चला गया. नियम के अनुसार एंबुलेंस चालक को मरीज को ऊपर तक पहुंचाकर कैजुअल्टी में रिपोर्ट दर्ज करानी होती है. इसके बाद ही वह वापस जा सकता है. निजी एंबुलेंस चालक को नोटिस जारी कर कड़ी कार्रवाई की बात कही गई है.

**कैजुअल्टी और कॉरिडोर में अटेंडर नजर नहीं आए:** अस्पताल में कार्यरत एजेंसियों पर भी सवाल उठ रहे हैं. यहां काम कर रही एजेंसियों के कर्मचारी पहले भी विवादों में रह चुके हैं. मरीजों और उनके परिजनों से अभद्रता के वीडियो भी वायरल हो चुके हैं. इसके बावजूद सुधार नजर नहीं आ रहा है.

**कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल :** अस्पताल में कार्यरत कंपनी बीवीजी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठे हैं. अधीक्षक ने बताया कि कंपनी की अन्य लापरवाहियां भी सामने आई हैं, जिसके लिए नोटिस जारी किया जाएगा. साथ ही अब स्टाफ के लिए ड्रेस कोड और नेम प्लेट अनिवार्य कर दी गई है। भविष्य में किसी भी कर्मचारी की लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.

**लगातार सामने आ रही घटनाओं से यह सवाल उठ रहा है :** जब अस्पताल प्राइवेट अस्पतालों की बराबरी की सुविधाएं देने का दावा करता है, तो जमीन पर व्यवस्थाएं क्यों नहीं दिख रहीं? मरीजों और उनके परिजनों को मूलभूत सुविधाएं तक न मिलना, अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर रहा है.

# सुप्रीम लीडर की हत्या से कागदीपुरा में शिया समाज में आक्रोश

- समाजजन मनाएंगे तीन दिन का शोक
- विरोध में नारेबाजी, अमेरिका पर प्रतिबंध की मांग

**इंदौर. शहर के कागदीपुरा क्षेत्र स्थित मस्जिद के बाहर रविवार को शिया समाज ने इजरायल और अमेरिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. काले झंडे लेकर जुटे समाजजनों ने नारेबाजी की, सुप्रीम लीडर की हत्या पर तीन दिन का शोक घोषित किया और केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की.**

प्रदर्शन के दौरान समाज के प्रतिनिधि मोहम्मद आशिक, सलमान हैदर और सैयद सबदर अली ने मीडिया के समक्ष अपने विचार रखे. सलमान हैदर ने कहा, आज हमारे लिए बहुत बड़ा ग़म का दिन है. हमारे सुप्रीम लीडर की हत्या की गई है. हम इस घटना से आहत हैं और तीन दिन तक शोक मनाएंगे. जबकि सैयद सबदर अली ने इसे आतंकी हमला बताते हुए कहा, यह एक आतंकी कृत्य है, जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं. हमारे लीडर की शहादत पर हम शोक मना रहे हैं. अमेरिका और इजरायल की



भूमिका पर गंभीर सवाल हैं. मोहम्मद आशिक ने कहा, यह घटनाक्रम पूरी तरह गलत है. हम रक्षा मंत्री से मांग करते हैं कि अमेरिका से आने वाली वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया जाए. इतने बड़े मामले पर अब तक स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आई है. यदि यह मामला हमारे हाथ में होता तो हम अमेरिका को जवाब देने से पीछे नहीं हटते. प्रदर्शन के दौरान 'इजरायल मुर्दाबाद' और 'अमेरिका मुर्दाबाद' के नारे लगाए. कार्यक्रम के मद्देनजर क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा. प्रदर्शन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ, हालांकि वक्ताओं के तीखे बयानों से कुछ देर के लिए माहौल गर्म रहा. समाज के प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार से इस मामले में स्पष्ट रुख अपनाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ा विरोध दर्ज कराने की मांग की है.

# बेकाबू कार का तांडव : पांच गाड़ियों में मारी टक्कर, चार घायल

- खुद को मेजर बताने वाले आरोपी को महिला और गुस्साई भीड़ ने चप्पल से पीटा

**महू.** आर्मी मेजर ने अपनी कार से एक के बाद एक 5 वाहनों को टक्कर मार दी. हादसे के बाद एक महिला ने मेजर की चप्पल से पिटाई कर दी. इस दौरान कुछ लोगों ने भी मारपीट की. घटना इंदौर-महू मार्ग पर किशनगंज रेलवे ब्रिज के नीचे रविवार सुबह करीब 8 बजे की है. हादसे में 4 लोग घायल हुए हैं. स्थानीय लोगों ने घायलों को महू के सिविल अस्पताल पहुंचाया.

प्रत्यक्षदर्शी बंटी के अनुसार, कार तेज गति में थी और चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक के बाद एक 5 बाइक सवारों को टक्कर मारी. टक्कर के बाद कुछ बाइक सड़क पर दूर तक घिसट गईं. सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में ले लिया. थाना प्रभारी राहुल शर्मा का कहना है कि अभी तक घायलों में से किसी ने भी केस दर्ज नहीं कराया है.

### आर्मी का मेजर है आरोपी कार चालक

कार चालक अपने आपको आर्मी का मेजर बता रहा है. उसके दस्तावेजों की जांच की जा रही है. हादसे के कारण 15 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा. पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर मार्ग को सुचारू किया. जिस मेजर ने बाइक सवारों को टक्कर मारी, वह महू की आर्मी यूनिट में



पदस्थ है. मेजर तेज रफ्तार कार चलाते हुए इंदौर की ओर से महू आ रहा था, तभी महू से इंदौर की ओर ब्रिज चढ़ रहे वाहन चालकों को टक्कर मारते हुए थोड़ी दूर घसीटता हुआ ले गया.

# कार से नकदी व आईफोन चोरी का 48 घंटे में खुलासा

**इंदौर.** खजराना पुलिस ने कार का कांच तोड़कर नकदी चोरी करने वाले तीन आरोपियों को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी युवक ने अपनी सगी बहन और एक साथी के साथ मिलकर वारदात की योजना बनाई थी. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार लाख रुपये से अधिक का माल जब्त किया है.

डीसीपी जोन 2 कुमार प्रतीक, अतिरिक्त डीसीपी अमरेंद्र सिंह एवं एसीपी कुंदन मंडलोई के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खजराना निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर जांच की. घटना 27 फरवरी की हैं फरियादी विशाल पिता ओमप्रकाश निवासी सुविधा नगर, छोटा बांगड़दा (एरोड्रम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 फरवरी की रात उन्होंने अपनी कार दर्शनी होटल राधिका पैलेस के पास खड़ी की थी. इसी दौरान स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने कार का कांच तोड़कर अंदर रखी नकदी चोरी कर ली. जांच के दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र में लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. तकनीकी सहायता और मुखबिर सूचना के आधार पर संदिग्ध युवक के घर तत्काल दबिश दी, पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर 22 वर्षीय ध्रुव गौड़ निवासी नेताजी सुभाष मार्ग, सदर बाजार के साथ 18 वर्षीय बबलू राजपूत निवासी रावजी बाजार को हिरासत में लिया. दोनों आरोपी वाहन पार्किंग का कार्य करते हैं. पुलिस ने इनके कब्जे से 2.15 लाख रुपये नकद, 1.35 लाख रुपये कीमत का आईफोन 17प्रो के साथ एक एक्सेस स्कूटर के साथ चार लाख से अधिक का माल जब्त किया है. पुलिस आरोपियों से अन्य वाहन चोरी और मोबाइल चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है.

### पुलिस को गुमराह करने पहुंची बहन...

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जल्दी पैसा कमाने और शौक पूरे करने के लालच में ध्रुव ने अपनी सगी बहन दिव्यांशी के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई थी. वारदात के बाद पुलिस को गुमराह करने की नीयत से महिला आरोपी फरियादी के साथ थाने रिपोर्ट दर्ज कराने भी पहुंची थी.

## इंदौर रेलवे एसपी पद्मलोचन शुक्ला का तबादला, बड़वानी पुलिस कप्तान होंगे

**इंदौर.** रेलवे पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ पद्मलोचन शुक्ला का स्थानांतरण कर उन्हें बड़वानी जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है. राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार वे शीघ्र ही बड़वानी में पदभार ग्रहण करेंगे. इंदौर रेलवे क्षेत्र में कार्यकाल के दौरान उन्होंने यात्री सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और रेलवे परिसरों में निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया. उनके निर्देशन में कई प्रकरणों में तुरंत कार्रवाई की गई और लंबित मामलों के निराकरण की दिशा में प्रयास किए गए. प्रशासनिक स्तर पर हुए इस फेरबदल को नियमित प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है.

# ड्रायवर नशे में दौड़ा रहा था बिना परमिट की बस



- पुलिस ने दबोचा, बस भी की जब्त
- ब्रेथ एनालाइजर में तय सीमा से कई गुना अधिक अल्कोहल

**इंदौर.** विजयनगर पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए नशे की हालत में यात्रियों से भरी बस चला रहे चालक को गिरफ्तार कर बस जब्त कर ली. जांच में सामने आया कि बस बिना परमिट के चला रहा था. विजयनगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि शनिवार की रात विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया था, रात करीब एक बजे रसूमा चौराहे की ओर से आ रही बस नम्बर एमपी 09 एफए 6155 को संदिग्ध रूप से तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते देखा, तुरंत बस को रुकवाकर जांच की. बस का ड्रायवर 45 वर्षीय राधेश्याम माली निवासी देवास का ब्रेथ एनालाइजर परीक्षण किया गया, जिसमें 78.9 एमजी/100 एमएल अल्कोहल पाया गया. जो तय सीमा से काफी अधिक है. उस समय बस में यात्री सवार थे, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ सकती थी. जब दस्तावेजों की जांच में बस का परमिट भी नहीं बता पाया. पूछताछ में सामने आया कि वाहन मालिक द्वारा बिना परमिट बस का संचालन कराया जा रहा था. पुलिस ने चालक व वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर बस को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# अब होली पर भी चलेंगी बसें, बस ऑपरेटरों और सरकार में बनी सहमति

**इंदौर.** मध्य प्रदेश में नई परिवहन नीति को लेकर 2 मार्च से होने वाली अनिश्चितकालीन बस हड़ताल फिलहाल टाल दी गई है. मिली जानकारी के मुताबिक, प्रदेश सरकार और निजी बस संचालकों के बीच बातचीत के बाद सहमति बनने से यह फैसला लिया गया है. इस हड़ताल के टलने से इसका सीधा फायदा यात्रियों को मिलेगा. इंदौर से चलने वाली लगभग 1100 बसें होली के दिनों में भी सडकों पर चलती रहेंगी. इन बसों से रोज 40 हजार से ज्यादा लोग आसपास के कस्बों और जिलों में सफर करते हैं, जिन्हें अब त्योहार के समय किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा. निजी बस संचालकों का कहना है कि सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से सुना और कई मुद्दों पर सकारात्मक आश्वासन दिया, इसलिए हड़ताल टालने का निर्णय लिया गया. प्राइम रूट बस ओनर्स एसोसिएशन समेत प्रदेश के कई मोटर मालिक संगठनों ने पहले नई परिवहन नीति का विरोध किया था. बैठक में मध्य प्रदेश संगठन के अध्यक्ष संतोष पांडे, महामंत्री जयकुमार जैन, विरेन्द्र साहू, राकेश फौजदार, प्राइम रूट बस ओनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पं. गोविंद शर्मा, महामंत्री सुशील अरोरा, बृजमोहन राठी, मनीष जैन, अजय सिंह चौहान पप्पू दादा, मनोज रघुवंशी, अमोल गुप्ता, रविशंकर शुक्ला, राजेश जटिया, पदम गुप्ता, बलवंत भाटी, सुरेंद्र तलवानी सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. इस पूरे मामले पर सीएम लगातार नजर बनाए हुए थे. उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों और बस संचालकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. बैठक में 24 दिसंबर को जारी राजपत्र को फिलहाल रोकने, फिटनेस सेंटर उपलब्ध न होने पर मैन्युअल फिटनेस की अनुमति देने और टैक्स व नामांतरण से जुड़े नियमों में बदलाव पर सहमति बनी.

# सीमंधर स्वामी जिनालय पर जीवंत हुआ पालीताणा तीर्थ






**इंदौर.** जती कॉलोनी, रामबाग स्थित सीमंधर स्वामी जिनालय पर फागुन सुदी तेरस के उपलक्ष्य में रविवार को सुबह सिद्धांचल तीर्थ की प्रतिकृति की साक्षी में विशेष भाव यात्रा, आराधना एवं पाल भक्ति का अनूठा आयोजन सौल्लास सम्पन्न हुआ जिसमें गुजरात स्थित पालीताणा तीर्थ जीवंत हो उठा. इस अवसर पर आगम-प्रशम ब्रजरत्न सागर की पावन निश्रा में धर्म सभा में समाज बंधुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पालीताणा की भाव यात्रा का पुण्यलाभ उठाया. श्री अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार की मेजबानी में आयोजित इस भाव यात्रा में मुनिराज ब्रजरत्न सागर ने सिद्धांचल तीर्थ की महिमा बताते हुए कहा कि हम सब लोगों को गर्व होना चाहिए कि हमारे पास सिद्धांचल जैसा शाश्वत तीर्थ स्थल है. पालीताणा तीर्थ में आज के दिन असंख्य मुनियों ने मोक्ष प्राप्त किया था. लाखों लोग वहां 27 किलोमीटर की 6 गांवों की यात्रा बड़े उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ करते हैं लेकिन अनेक लोग पालीताणा नहीं जा पाते हैं इसलिए इंदौर में ट्रस्ट की ओर से यह अनूठा आयोजन किया गया. यह वह स्थान है जहाँ प्रभु आदिनाथ भी आराधना साधना करने आते रहे हैं. प्रारंभ में समाजसेवी पुण्यपाल सुराना, पारस बोहरा, दिलीप मंडोवरा, कैलाशचंद नाहर, मनीष ककरेचा आदि ने अतिथियों, समाज बंधु एवं लाभार्थी विपिन-प्रियंका एवं श्रेयांस कोचर महिदपुर वाले का स्वागत किया. संचालन शेखर गेलडा ने किया. इस अवसर पर प्रभावना स्वरुप पाल भक्ति का आयोजन भी किया गया.


एक नजर में

35 भक्तों ने प्रभु महामनदास के सानिध्य में ग्रहण की हरिनाम दीक्षा

# हरीनाम ही मानवता की वास्तविक शांति का मार्ग

**इंदौर.** निपान्या स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर पर रविवार को इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास के सानिध्य में पहली बार 35 भक्तों को हरिनाम दीक्षा प्रदान की गई. इस्कॉन मंदिर इंदौर के इतिहास में यह पहला अवसर था जब अमेरिका, कोलकाता, मुंबई तथा इंदौर एवं आसपास के शहरों से आए भक्तों ने हरिनाम दीक्षा प्राप्त की. इस अवसर पर राधा गोविंद की साक्षी में विशेष पूजा, कीर्तन और आध्यात्मिक अनुष्ठान भी किए गए. इस दौरान सम्पूर्ण मंदिर परिसर हरे रामा हरे कृष्णा दिव्य संकीर्तन की मंगल ध्वनि से गुंजायमान बना रहा. कार्यक्रम में स्वामी महामनदास प्रभु ने कहा कि हरिनाम की महिमा निरंतर बढती जा रही है और इस्कॉन के संस्थापक ए.सी. भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद के दिव्य मिशन की विजयगाथा का ही प्रमाण है कि





उन्होंने पूरे विश्व में जो हरिनाम संकीर्तन आन्दोलन प्रारम्भ किया वह आज नई ऊँचाइयों को छू रहा है. हरिनाम दीक्षा का अर्थ है जीवन को भगवान श्रीकृष्ण की सेवा में समर्पित करना, अपने हृदय को पवित्र बनाना और समाज में आध्यात्मिक जागरण की ज्योति प्रज्वलित करना. हरिनाम ही कलियुग का सबसे बड़ा आश्रय है और यही मानवता की वास्तविक शांति का मार्ग है. दीक्षा समारोह में प्रभु लक्ष्मण, प्रभु गिरधर गोयल, प्रभु अच्युत गोपाल, प्रभु गोपाल, प्रभु समर्पित गौर, प्रभु भक्त वत्सल्य, प्रभु कृष्णार्चन, प्रभु प्राणेश्वर, प्रभु आदिर्धारण, प्रभु केशवभक्त, प्रभु चन्द्रभानु, प्रभु दामोदर, प्रभु जगतजीवन सहित अनेक श्रद्धालु भागीदार बने.